आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी— विभिन्न स्थानों पर अभी भी 42 लोग लापता।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने किया आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा— लापता लोगों के तलाशी अभियान में तेज़ी लाने का किया आग्रह।
- हिमाचल निर्माता व प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार को आज उनकी जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि।
- चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला रावी नदी में मिंजर विसर्जन के साथ धूमधाम से संपन्न।

तलाशी अभियान

प्रदेश में पिछले दिनों आई आपदा के बाद प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों को खोजने का अभियान युद्धस्तर पर जारी है। इस अभियान के दौरान आज मण्डी ज़िले में 2 जबकि शिमला ज़िले में एक शव बरामद किया गया है। राहत टीमों द्वारा स्नीफर डॉग भी सर्च ऑपरेशन का हिस्सा बनाए गए हैं। इसके अलावा लाईव डिटैक्टर डिवाईस की मदद से भी मलबे के नीचे सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...................

*वीओ— हिमाचल प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू ज़िलों में बादल फटने की घटना में लापता लोगों की तलाश आज चौथे दिन भी जारी रही। राज्य में अलग—अलग स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं के बाद 42 लोग अब भी लापता हैं। इनमें से 36 लापता लोग शिमला जिले के रामपुर के समेज इलाके के हैं। मण्डी ज़िले के तेरंग में तलाशी अभियान के दौरान आज दो और शव बरामद किए गए हैं। इस क्षेत्र में लापता हुए 10 लोगों में से 8 के शव बरामद कर लिए गए हैं। मण्डी के उपायुक्त अपूर्व देवगन के अनुसार लापता लोगों की खोज के लिए एन.डी.आर.एफ. ने स्नीफर डॉग लगाए हैं। इसके अलावा भारी भरकम चट्टानों के बीच लापता लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए फ्लैश फ्लड में आई बड़ी चट्टानों को ब्लास्ट कर तोड़ा जा रहा है। इधर, तलाशी अभियान के दौरान शिमला ज़िले के सुन्नी क्षेत्र में एक महिला का शव बरामद किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है और इसकी पहचान के लिए कुल्लू प्रशासन को भी सूचित किया गया है।*

*रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।*

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के आपदा प्रभावित समेज गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आपदा में लापता हुए लोगों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना जताई और राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लिया। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से तलाशी अभियान को और तेजी से चलाने का आग्रह किया ताकि लापता लोगों को जल्दी से जल्दी खोजा जा सके। बाद में उन्होंने रामपुर से आपदा प्रभावित क्षेत्र समेज के लिए राहत सामग्री से भरे वाहनों को भी हरी झण्डी दिखाई। जयराम ठाकुर ने बाढ़ प्रभावित कुल्लू ज़िले के बागीपुल क्षेत्र का भी दौरा किया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा के लिए अनेक नवीन कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में करीब 3 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से शिमला के लिए 19 जबकि नूरपुर पुलिस के लिए 6 पेट्रोलिंग मोटरसाइकिलें प्रदान की गई हैं। इन मोटरसाइकिलों को आज शिमला से हरी झण्डी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि कांगड़ा और मण्डी ज़िलों के लिए भी सड़क सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के लिए विभिन्न गश्त निगरानी बचाव और आपातकालीन प्रतिक्रिया उपकरण खरीदने के लिए करीब 90 करोड़ रूपए का निवेश किया जा रहा है। इसके अलावा शिमला में एकीकृत सड़क सुरक्षा प्रवर्तन प्रणाली स्थापित करने के लिए करीब 61 करोड़ 57 लाख रूपए का निवेश किया जा रहा है।

## विद्युत

केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत उत्पादन केन्द्रों को बस बार से मुफ्त विद्युत की शैड्यूलिंग और लेखा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए एक नई प्रक्रिया को मंजूरी दी है। प्रदेश के लिए ये प्रक्रिया आगामी 9 अगस्त से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि विद्युत की शैड्यूलिंग और बेहतर लेखा प्रबंधन से हिमाचल प्रदेश को सालाना करीब 2 सौ करोड़ रूपए की आय होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक परियोजनाएं दशकों से कार्यशील है और इस प्रक्रिया के लागू होने से राजस्व बचत भी होगी। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य सरकार द्वारा आय सृजन के साधनों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## जगत सिंह

राजस्व और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इससे स्थानीय लोगों की प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि होगी और युवाओं को रोज़गार के साधन भी उपलब्ध होंगे। किन्नौर ज़िले के पूह विकासखंड की विभिन्न पंचायतों का दौरा करने के दौरान उन्होंने कहा कि ज़िले में हिन्दू धर्म के साथ—साथ बौध धर्म के अुनयायी भी हैं, ऐसे में सरकार बौध धर्म की शिक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत है।

## परमार जयंती

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार को आज उनकी एक सौ 18वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित विधानसभा परिसर में हुए एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में कहा कि डॉक्टर परमार एक महान और दूरदर्शी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने प्रदेश के विकास की मज़बूत आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमें डॉक्टर परमार के सिद्धांतों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के अनुसार वर्तमान प्रदेश सरकार हिमाचल का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से कार्य कर रही है और आर्थिक तंगी के बावजूद प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टर परमार की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इससे पहले उन्होंने रिज मैदान पर स्थित परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उपाध्यक्ष विनय कुमार और कैबिनेट मंत्रियों सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

## पौधरोपण

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज कुल्लू ज़िले में बंजार विधानसभा क्षेत्र के सोझा गांव में ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया। इसके साथ ही उन्होंने बंजार विधानसभा क्षेत्र में ''एक पेड़ मां के नाम'' पौधरोपण अभियान की भी शुरूआत की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान में चिंता का विषय है और कहीं न कहीं वन आवरण बढ़ाकर इस समस्या पर काफी हद तक काबू भी पाया जा सकता है। स्थानीय विधायक सुरेन्द्र शौरी ने कहा कि बंजार क्षेत्र में पौधरोपण के लिए लोगों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि खेल मानसिक तनाव दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। सोलन में ऑल ओवर इंडिया हिमाचल ओपन ब्रिज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी खेल में भाग लेना चाहिए ताकि वह शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ बन सके। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया। इस प्रतियोगिता में देशभर की 23 टीमों ने भाग लिया।

## मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला रावी नदी में हाथ से बनी जरी की मिंजर विसर्जन के साथ आज संपन्न हो गया। स्थानीय विधायक नीरज नैयर ने मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता की और इस अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याएं जहां मेले का मुख्य आकर्षण रहीं वहीं लोगों के लिए व्यापारिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू को मेले के समापन समारोह में शिरकत करनी थी, लेकिन खराब मौसम के चलते वे चम्बा नहीं पहुंच पाए।

## बिजली बोर्ड

राज्य बिजली बोर्ड ने प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्देशित पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत चम्बा मिंजर मेला के दौरान ज़िला में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चम्बा में ऊर्जा मेला सहित ज़िला के चुवाड़ी राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता और बोर्ड के 33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों चम्बा, चुवाड़ी और बकलोह में विद्युत सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजि किए गए।

## सीपीएस

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को ज़रूरी बताया है। कांगड़ा ज़िले में बैजनाथ के जंडपुर में पौधरोपण अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संतुलन में सभी नागरिकों का सक्रिय योगदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरित आवरण बढ़ाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना चलाई गई है। इसके तहत ऐसे क्षेत्र जहां वन नहीं है, वहां पर पौधरोपण किया जा रहा है।